सारणी

| क्र. सं. | यानों का प्रवर्ग | आधार फीस प्रति कि.मी. प्रति यान प्रति फेरा की दर (रुपये में ) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | कार, यात्री वैन या जीप | 0.40 |
| 2. | हल्के वाणिज्यिक यान | 0.70 |
| 3. | ट्रक या बस | 1.40 |
| 4. | बहुधुरीय यान(>दो धुरीय ), अर्थ मूविंग उपस्कर या भारी सं.निर्माण मशीनरी | 2.25 |

टिप्पण:-

1) इस अधिसूचना के प्रयोजनों के लिए ,-

(i) "वास्तविक फीस" से प्रत्येक प्लाजा पर उक्त सेक्शन के सड़क उपयोक्ताओं से निम्नलिखित आधार पर प्रभारित वास्तविक फीस अभिप्रेत है -

(क) परियोजना राजमार्ग की लम्बाई , और

(ख) उपर्युक्त सारणी में दी गई आधार फीस सम्यक रूप से सूचीबद्ध और जो एक रूपये के निकटतम पूर्णांक में होगी ।

(ii) "वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख" से वह तारीख अभिप्रेत है जब उक्त सेक्शन पर वाणिज्यिक प्रचालन , स्वतन्त्र सलाहकार द्वारा, उक्त सेक्शन के संबंध में प्राधिकरण और रियायतग्राही के बीच किए गए करार के उपबन्धों के अनुसार (जिसे इसमें इसके पश्चात् करार कहा गया है ) उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के उक्त सेक्शन या उसके हिस्से के पूरा होने पर, यथास्थिति, पूर्णता प्रमाणपत्र अथवा अनंतिम प्रमाणपत्र, जारी किए जाने के पश्चात् प्रारंभ होता है ।

(iii ) "स्थानीय यातायात" से कार/ जीप / यान के लिए संदेय फीस के संबंध में यातायात का निम्नलिखित प्रवर्ग अभिप्रेत है अर्थात् :-

(क) "स्थानीय यातायात प्रवर्ग I" से निम्नलिखित अभिप्रेत है और जिसमें निम्नलिखित प्रवर्गों में आने वाले उपयोक्ता सम्मिलित होंगे, अर्थात्-

(1) ऐसे ग्रामों, / नगरों / शहरों के निवासी जिनकी सीमा फीस संग्रहण बूथ ( टोल प्लाजा ) के दस कि.मी. के घेरे के भीतर आती है ;

(2) फीस संग्रहण बूथ (टोल प्लाजा ) के दस कि.मी. के घेरे के भीतर अवस्थित स्थापन या औद्योगिक इकाइयाँ ;

(3) फीस संग्रहण बूथ (टोल प्लाजा ) के दस कि.मी. के घेरे के भीतर अवस्थित हैं या अपने कार्यालय रखने वाले स्थापनों / औद्योगिक ईकाइयों के कर्मचारी ; और

